# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का प्रचार प्रसार महिलाओं के समता, सम्मान एवं सशक्तिकरण का अभियान: जयवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल, 2026 तक आयोजित होने वाले विशेष संसद सत्र में नारी शक्ति वंदन अधि. नियम के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृति विभाग के अधिकारियों एवं अधीनस्थ अकादमियों को निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा है कि यह अधि. नियम समता, समानता एवं नारी के सशक्तिकरण के लिए अत्यन्त ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण है। यह जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री ने बताया कि 10 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2026 तक पूरे प्रदेश में इस अधिनियम के बारे में प्रचार अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अनुपालन में संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा प्रदेश में कला, नवाचार अभियान चलाया जाना है। जिसमें सैंड आर्ट, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, लो. कगीत एवं अन्य स्थानीय कला विधाओं के प्रयोग से विचार मंथन करना है। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत संस्कृति विभाग की संस्थाओं द्वारा निर्धारित अवधि में पूरे प्रदेश में कार्यक्रम किये जाने हैं, इसके तहत भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा नारी शक्ति वंदन पर हस्ताक्षर अभियान एवं नारी स्वावलम्बन पर फिल्म निर्माण की जिम्मेदारी दी गयी है। इसी प्रकार राज्य ललितकला अकादमी उ0प्र0 लखनऊ महिला कलाकारों के समन्वय से नारी स्वावलम्बन पर आधारित सैंड आर्ट एवं चित्रकला कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार प्रसार हेतु भारतेन्दु नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं नारी स्वावलम्बन पर नुक्कड़ नाटकों एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा संगीत की विभिन्न विधाओं के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधि. नियम के समर्थन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा लोक संगीत में विभिन्न विधाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## कार्यदायी संस्थायें विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न मंडलों के अंतर्गत आने वाले जनपदों में विभिन्न स्थलों के सौन्दयह्णकरण, नवनिर्माण तथा जीर्णोद्धार हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के अंतर्गत परियोजनायें स्वीकृति की है। इसके लिए अनुमानित लागत का आंकलन करते हुए स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त की धनरा. शि जारी करा दी गयी है।यह जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या मण्डल के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करते हुए पहली किस्त के रूप में धनराशि जारी करा दी गयी है। इसके तहत आलापुर के संत बाबा गोविन्द साहब की तपोभूमि अहिरौली के पर्यटन विकास के लिए 60 लाख, कटहरी विधानसभा के भीटी में स्थित काली मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 62 लाख, अकबरपुर चौतीपारा में ग्रामीण विकास के लिए 50 लाख की धनराशि स्वीकृत की है।

# कटघर थाना क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी भीषण आग युवक गंभीर रूप से झुलसा

**मुरादाबाद।** शहर के थाना कटघर क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में बुधवार सुबह एक हादसा हो गया, जब शॉर्ट सर्किट के कारण एक घर में अचानक आग लग गई। इस हादसे में हरकेश पुत्र हीरालाल गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे की है। उस समय परिवार के अधिकांश सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे।

घर में अकेले मौजूद हरकेश अचानक लगी आग की चपेट में आ गया। आग इतनी तेजी से फैली कि उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला और वह बुरी तरह झुलस गया।घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाने की को. शिश की। इसके बाद घायल हरकेश को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टर पवन के अनुसार, हरकेश की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया है।

हरकेश के भाई नरेश ने बताया कि आग लगने के समय पूरा परिवार खेत पर था, जबकि हरकेश घर पर अकेला था। उन्होंने यह भी बताया कि हरकेश की पत्नी लक्ष्मी इन दिनों अपने मायके गई हुई है, जिससे घर में कोई और मौजूद नहीं था।आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया, जिससे परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने की अपील की है।

## गेहूं की खड़ी फसल में लगी भीषण आग दमकल विभाग की टीम जब तक पहुंची तब तक किस के गेहूं जलकर राख



**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कटारमल मस्तल्लीपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक खेत में भीषण आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और किसान ब्रह्म सिंह सिंह के करीब 8 बीघा गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर जब तक दमकल विभाग की टीम पहुंची तब तक किस की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। ग्रामीणों ने पानी, मिट्टी और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। उनकी तत्परता से कुछ हिस्से की फसल को बचा लिया गया, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग की तीव्रता को देखते हुए बुझाने में काफी समय लगा। गनीमत यह रही कि समय रहते आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास के अन्य किसानों के खेतों को बचा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया प्रारंभिक अनुमान के अनुसार किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट या किसी लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और ग्रामीणों से पूछताछ कर आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

## कोतवाली पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आले हसन पुत्र वहीद, निवासी नई बस्ती पुराने सिनेमा के पीछे, ठाकुरद्वारा को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि आरोपी के विरुद्ध धारा 429 के तहत मामला दर्ज है तथा न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है।

## खंड शिक्षा अधिकारी का सख्त निर्देश: री-एडमिशन फीस पर रोक, स्कूलों को चेतावनी

**बिलारी।** अभिभावकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी ने उपजिलाधिकारी बिलारी के समक्ष उठाए गए मुद्दों के बाद स्कूलों को निर्देश जारी किए हैं, जिनमें निजी स्कूलों द्वारा मनमानी वसूली और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं। खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विकास खंड बिलारी में संचालित सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि छात्र-छात्राओं से री-एडमिशन के नाम पर कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि कोई विद्यालय इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बुक, यूनिफॉर्म और सामग्री को लेकर भी आदेश में कहा गया है कि कोई भी विद्यालय छात्रों या अभिभावकों को किसी एक विक्रेता से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। साथ ही, विद्यालय प्रबंधन छात्रों को स्कूल से ही पाठ्य-पुस्तक या अन्य शिक्षण सामग्री खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकेगा। इससे अभिभावकों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। शिकायत के लिए कंट्रोल व्यवस्था अभिभावकों की सुविधा के लिए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिलारी में शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था भी की गई है। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर अभिभावक कार्यालय समय (प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) में कार्यालय सहायक अनुज कुमार (9759508351), प्रीतम सिंह (9410294967) एवं पंकज कुमार (7455999345) से संपर्क कर सकते हैं।

# 20 मुस्लिम जोड़ों का सामूहिक निकाह सम्पन्न मौलवी ने दी फिजूल खर्ची से बचने की नसीहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापाण्डे।** बुधवार को शाह सकलैन एकेडमी की ओर से ताजपुर स्थित एक निजी शादी हॉल में भव्य सामूहिक निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्जश्ने शाह शराफत अली मियांश नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में एक साथ 20 मुस्लिम युवक-युवतियों का निकाह कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान शरीफ की तिलावत से हुई। निकाह की रस्म पूरी कराने के बाद मौलवी ने सभी दूल्हा-दुल्हन के लिए दुआ की और दुल्हन को दूल्हे की इज्जत करने की सलाह दी। इस अवसर पर उलमा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गैर शरीयत कामों और फिजूलखर्ची से बचने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि गैर शरई रीति-रिवाजों और फिजूलखर्ची की वजह से हालात बद से बदतर हो चुके हैं। इसी कारण गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी करने में असमर्थ हो रहे हैं। उलमा ने सभी से बच्चियों की शादियां इस्लामिक तौर-तरीकों से सादगी के साथ करने की अपील की।शाह सकलैन एकेडमी की तरफ से सभी नव विवाहित जोड़ों को घर-गृहस्थी का जरूरी सामान उपहार स्वरूप दिया गया। सामूहिक निकाह समारोह में बरेली के साथ-साथ मुंबई से भी कई प्रमुख लोग शामिल हुए। दरगाह शाह शराफत मियां के सज्जादा नशीन गाजी मियां ने भी सभी जोड़ों के सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए दुआएं की। शाह सकलैन एकेडमी हर साल सामूहिक निकाह का आयोजन करती है।





आयोजकों ने आगे भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही, ताकि समाज में सादगी से निकाह को बढ़ावा मिले और गरीब परिवारों को मदद मिल सके।इस अवसर पर हमजा सक्लैनी राष्ट्रीय महासचिव, मुराद अली सक्लैनी मंडल अध्यक्ष, इनदाज हुसैन जिला उपाध्यक्ष, हाजी रहिस सक्लैनी जिला सचिव, सज्जाद अली सक्लैनी मीडिया प्रभारी मुरादाबाद, शाकिल सक्लैनी, इब्ने अली हुसैन, हनीफ भाई, हाजी उस्मान सक्लैनी, नसीम सक्लैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# टीएमयू एप्लाइड साइंसेज की नेशनल कॉन्फ्रेंस में बांटे गए 166 रिसर्च पेपर्स

**मुरादाबाद।** प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. केके चट्टोपाध्याय लिथियम-आयन बैटरियों एवम् सुपरकैपेसिटर्स पर विस्तार से चर्चा करते हुए बोले, सुपरकैपेसिटर्स हाइब्रिड कार इंडस्ट्री को एक नई दिशा दे रहे हैं, क्योंकि ये तेज चार्जिंग और उच्च पावर डेंसिटी प्रदान करते हैं। साथ ही उन्होंने सुपरकैपेसिटर नैनोवायर्स के उभरते शोध एवम् उनके संभावित अनुप्रयोगों पर भी प्रकाश डाला। प्रो. चट्टोपाध्याय तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के अंतर्गत एप्लाइड साइंसेज विभाग की ओर से आयोजित छठी नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज-एनसीएमडी-2026 के समापन में बतौर की नोट स्पीकर ऑनलाइन बोल रहे थे।एनसीएमडी-2026 के तकनीकी सत्रों में कुल 166 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। बेस्ट रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। दूसरी ओर वेलिडिक्टरी सत्र में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रो. द्विवेदी ने अंत में स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट भी वितरित किए। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. धीरज कुमार सिंह ने नैनोमैटेरियल्स के मूल सिद्धांतों और उनकी महत्ता के संग-संग क्वांटम डॉट्स के गुणों और उनकी विशिष्ट विशेषताओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने कार्बन डॉट्स के विभिन्न अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार इनका उपयोग टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल आदि उद्योगों से निकलने वाले हानिकारक अपशिष्ट जल के उपचार में किया जा सकता है। डॉ. जेके राजपूत ने गैस सेंसर्स और उनके अनुप्रयोगों पर बोलते हुए वर्तमान गैस सेंसर्स की कार्यप्रणाली और उनकी सीमाओं को भी रेखांकित किया। उन्होंने भविष्य में बेहतर और अधिक संवे. दनशील सेंसर विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। एनसीएमडी-2026 के संयोजक डॉ. दिप्तोनिल बनर्जी ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। इस मौके पर प्रो. आरके जैन, सह संयोजक डॉ. पराग अग्रवाल के संग-संग सैकड़ों स्टुडेंट्स मौजूद रहे।



# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जन सम्मेलन का आयोजन

**कुंदरकी।** ब्लॉक सभागार कुंदरकी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज के ऐसे मसीहा थे, जिन्होंने संविधान की रचना की और दबे-कुचले लोगों को समाज में समान मान-सम्मान दिलाया। उन्होंने जोर दिया कि आज उन्हीं की देन है कि सर्वसमाज के लोग पढ़-लिखकर आगे बढ़ रहे हैं। विधायक ने लोगों से डॉ अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे बताया कि बाबा साहब ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने संविधान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि जाति, धर्म या लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न हो। बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों के लिए डॉ. अंबेडकर के अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। विधायक कुंदरकी ने आगे बताया कि बाबा साहब के प्रयासों से ही महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और बराबरी का अधिकार मिल पाया, जिससे उनकी पूर्व की कमजोर स्थिति में सुधार आया। विधायक ने केंद्र सरकार की पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का निर्णय बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार पहुंचाने की थी। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए, जो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचारों को आत्मसात करके ही एक सशक्त और समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन शैली और कार्यों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद वीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, मुन्ना सागर, सबीकांत जाटव, तेजपाल सागर, रविंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बिलारी समाचार

### सुपरवाइजरो की बैठक में दिए तहसीलदार ने निर्देश



**कांठ( शाह टाइम्स )** जनगणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है और आज जनगणना सुपरवाइजर को तहसीलदार ने बैठक के दौरान दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान उन्होंने सुपरवाइजर को उनके काम और समय सीमा से अवगत कराया कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शासन से आए निर्देशों के अनुसार ही जनगणना का काम समय से पूरा करना होगा। इस मौके पर सुपरवाइजर सहित अन्य भी तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे।

### अतिक्रमण की भेंट चढ़े मुख्य रास्ते से गायब हुई 12 मीटर जमीन

**ठाकुरद्वारा।** 18 मीटर चौड़ा रस्ता मौके पर अतिक्रमण के कारण बचा महज 6 मीटर, तीन प्राचीन कुएं भी हुए मौके से गायब,अब मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर की गई है मामले की जांच की मांग। नगर निवासी और अधिवक्ता मोहम्मद मोहसिन सिद्दीकी ने बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेज कर कहा है कि नगर में कदीर तिराहा से लेकर कोतवाली तक का मुख्य मार्ग भू अभिलेखों में 18 मीटर चौड़ा है जबकि वर्तमान में इस मुख्य मार्ग को अतिक्रमण कारियो ने कब्जा कर रखा है और मौके पर महज 6 मीटर रास्ता ही मौजूद है जिससे आवागमन में भारी दिक्कत होती है। उधर शिकायत में ये भी कहा गया है कि नगर के कदीर तिराहा से कोतवाली तक मुख्य बाजार में तीन सार्वजनिक कुएं भी मौजूद थे जो सार्वजनिक संपत्ति होने के साथसाथ ऐतिहासिक एवं उपयोगी जलस्रोत भी थे जिनका संरक्षण अति आवश्यक है। वर्तमान में उक्त सभी कुएं मौके से गायब है और अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं।

शिकायत में मांग की गई है कि उक्त मामले में निष्पक्ष जांच कराकर अतिक्रमण कारियो से रास्ता मुक्त कराए जाने तथा उक्त कुओं को पुन: खुलवाकर संरक्षित कराए जाने की मांग की गई है।

### खेतों की सेहत सुधारने को संतुलित उर्वरक उपयोग जरूरी, कृषि विज्ञान केंद्र

**ठाकुरद्वारा।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मृदा स्वास्थ्य और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से खंड ठाकुरद्वारा के ग्राम करनावाला खालसा और फैजुल्लागंज में संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया और संतुलित उर्वरक के उपयोग तथा उर्वरक लगाने का तरीका व समय जैसे विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि ष्मिट्टी का स्वास्थ्य ही किसान की असली पूंजी है। यदि हम आज संतुलित खाद का प्रयोग नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ी को बंजर जमीन विरासत में मिलेगी। सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि फसलों को केवल यूरिया (नाइट्रोजन) की ही नहीं, बल्कि फास्फोरस, पोटाश और सूक्ष्म पोषक तत्वों की भी आवश्यकता होती है। संतुलित मात्रा में खाद डालने से फसल की गुणवत्ता सुधरती है और उत्पादन लागत में कमी आती है। पादप सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को रसायनों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से पौधे अधिक मजबूत होते हैं, जिससे उनमें कीटों और रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।



अत्यधिक यूरिया के प्रयोग से कीटों का हमला अधिक होता है, जिससे बचने के लिए किसानों को नीम लेपित यूरिया और जैविक खाद का समावेश करना चाहिए। वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। किसानों को सलाह दी गई कि वे रसायनों के विकल्प के तौर पर वर्मीकम्पोस्ट और हरी खाद को प्राथमिकता दें। इस अभियान में विकेश कुमार, अक्षय प्रताप, ब्रह्मपाल, विनोद, अनिल कुमार आदि लगभग 60 किसानों ने प्रतिभाग किया। पुष्पराज यादव, संदीप कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

### दावत के दौरान मारपीट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के रिश्तेदार घायल कोतवाली गेट पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट, पुलिस प्रशासन में हडकंप

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव फरीदनगर में एक दावत के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख एजाज अहमद के रिश्तेदार और गांव के ही दूसरे पक्ष में दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो पहले गाली-गलौज हुई, फिर जमकर कुर्सियाँ चलीं। मारपीट में एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । मारपीट के दौरान दावत में भगदड़ मच गई। घायल पक्ष ने कोतवाली पहुँचकर हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसी बीच देर रात दूसरा पक्ष कोतवाली गेट पर पहुँच गया और कोतवाली गेट पर जमकर दोनों फिर से लात घूसे चलने लगे। , जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने एक पक्ष के कुल 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मारपीट के इस मामले में 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के रिश्तेदार शारूख सहित दो लोगों के चोंट आई है। दोनों घायल को मेडिकल करा दिया गया है। जांच की जा रही है। जांच के दौरान कोतवाली गेट और गांव में दावत के दौरान मारपीट करने वालों के खिलाफ खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शांतिभंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर दोस्त में दो पक्षों में गाली गलौज पर मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्षी कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग एवं गश्त पर थे। इसी दौरान ग्राम सुल्तानपुर दोस्त पहुंचने पर दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद की सूचना मिली। मामले में पहले से दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर दोनों पक्षों को बुलाया गया था। बताया गया कि बातचीत के दौरान एक पक्ष के अमन कुमार (पुत्र सोनू सिंह, उम्र करीब 21 वर्ष) मौके पर ही उत्तेजित हो गया और विवाद बढ़ने लगा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने अमन कुमार को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया जहां सनी के बाद जमानत पर रिहा दिया गया।

# नाबालिग छात्रा के साथ चाकू की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नाबालिग छात्रा के साथ चाकू की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में मंडावली पुलिस पर गंभीर आरोप लग रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता का परिवार इस वारदात के बाद से सहमा हुआ है। पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत और मामले को दबाने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रा की मां ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री ग्राम के ही एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा है। आरोप है कि उसी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र शिवम ने पूर्व में छात्रा को स्कूल के कमरे में बंधक बनाकर उसके आपत्तिजनक फोटो खींच लिए थे। 26 मार्च की रात को

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को मिलने के लिए बुलाया। 27 मार्च की सुबह आरोपी शिवम छात्रा को डरा-धमकाकर कब्रिस्तान के पास जंगल में ले गया, जहां उसके दो अन्य साथी कावेंद्र और रिकोश पहले से मौजूद थे। आरोप है कि वहां चाकू की नोक पर छात्रा के साथ सामुहिक बलात्कार किया गया। आरोपी लोगों की आहट सुनकर आरोपी छात्रा को एक मुर्गी फार्म के पास छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता की मां का आरोप है कि मण्डावली पुलिस ने असल शिकायत के बजाय अपनी मर्जी से प्रार्थना-पत्र लिखकर महिला से जबरन हस्ताक्षर कराए और मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

मामले की जांच कर रही महिला उपनिरीक्षक पर आरोप है कि उन्होंने मेडिकल परीक्षण के दौरान डॉक्टर से झूठ बोला कि यह केवल छेड़छाड़ का मामला है, ताकि आंतरिक मेडिकल न हो सके। पीड़िता का कहना है कि पुलिस आरोपियों के साथ हमसाज है और उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। पीड़िता की मां एक गरीब मजदूर है। उसने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच स्थानीय थाने के बजाय किसी अन्य थाने से कराई जाए। पीड़िता ने अपना उचित मेडिकल परीक्षण कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जनपद टॉपर बनी नंदिनी

## गिलाडी में खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम गिलाड़ी निवासी नंदिनी चौधरी ने सीबीएसई की कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में जनपद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। साईं मिलेनियम स्कूल, नहटौर की छात्रा नंदिनी ने अपनी इस उपलब्धि से जिले का नाम रोशन किया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार घोषित परिणामों के अनुसार नंदिनी ने अंग्रेजी, हिंदी और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विज्ञान में 99 अंक, सामाजिक विज्ञान में 98 अंक और गणित में 93 अंक हासिल कर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नंदिनी के पिता विपिन चौधरी एक किसान हैं और राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन में युवा ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय हैं। उनकी माता उजाला ने नंदिनी की पढ़ाई के लिए घर पर सहायक और अनुशासित माहौल बनाए रखा। नंदिनी के जिला टॉपर बनने की खबर मिलते ही गिलाड़ी गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल छा गया। लोगों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने नंदिनी की इस सफलता को जनपद के लिए गर्व का विषय बताया। नंदिनी के पिता विपिन चौधरी ने कहा 'नंदिनी ने न केवल हमारे परिवार बल्कि पूरे बिजनौर जिले का मान बढ़ाया है। उसकी मेहनत आज रंग लाई है। हम चाहते हैं कि वह आगे चलकर देश की सेवा करे।'

नंदिनी चौधरी की यह उपलब्धि उन हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का सपना देखते हैं। उनकी सफलता पर विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

## एक नजर

### मदरसे की व्यवस्था को सराहा

**अफजलगढ़।** सपा के रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्ला नदवी ने मदरसा फैजुल उलूम का दौरा कर यहां की व्यवस्था की सराहना की। मोहतमिम मौलाना शफीक अहमद कासमी ने उनका खैरमकदम किया। मौलाना शफीक अहमद कासमी ने बताया कि यह मदरसा सन् 1957 से दीनी खिदमात अंजाम दे रहा है। मदरसे में तलबा और तालिबात की तालीम के लिए अलग-अलग इंतजाम किया गया है। सांसद मौलाना मोहिबुल्ला नदवी ने तालिबात की तरबियत को देखकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में बड़े मदरसों के साथ-साथ छोटे-छोटे मकातिब का कायम होना बेहद जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक तालीम पहुंच सके। उन्होंने कहा कि आज के हालात में ऐसे इदारे वक्त की अहम जरूरत हैं, जहां दीनी और दुनियावी तालीम एक साथ दी जाए। इस मौके पर मौलाना असद, मौलाना साजिद कासमी, युवा नेता शेख मौहम्मद जैद, कारी जमशेद आलम, कारी शकील फैजी, कारी वकील अहमद, कारी इम्तियाज, कारी जियाउर्रहमान, कारी नईम अहमद, शाहिद चमोला, कारी हबीबुल्ला आदि मौजूद रहे।

### लाखों का सूत जला



**राजा का ताजपुर।** स्थानीय मौहल्ला रहमान चौक खंदक निवासी सेठ शकील अहमद अंसारी के पुराने अस्पताल के पास खाली पड़े प्लाट में लाखों रुपए का सूत रखा हुआ था। बीती रात किसी शरारती व्यक्ति ने लाखों रुपए के सूत में आग लगा दी। आग की लपटें देखकर पड़ोसियों में हड़कंप मच गया। कुछ दूरी पर शकील अहमद का मकान है। पड़ोसियों ने पांच-छह घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए पड़ोसियों ने सबमर्सिबल से आग बुझाने में मदद की। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के कर्मचारियों ने आग बुझाने में मदद की। पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने घटना की जांच कर रही है। पुलिस ने पीड़ित शकील अहमद अंसारी को हर मुमकिन मदद करने का भरोसा दिलाया है। शकील अहमद ने बताया कि आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ताजपुर चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि घटना की बारीकी से जांच की जा रही है। साथ ही कैमरे भी चैक किए जा रहे है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी गई है। पीड़ित परिवार सदमें में है।

### किरतपुर में प्रशिक्षण केन्द्र शुरू



**बिजनौर।** किरतपुर में कौशल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रत्येक युवा को स्किल होना होगा, तभी वह सफल हो पाएगा। उसके लिए सबसे अच्छा तरीका कौशल प्रशिक्षण केंद्र हैं। जो आपके घर के निकट आपको प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। केंद्र संस्थापक प्रदीप चौधरी ने बताया कि वर्तमान में इस प्रशिक्षण केंद्र पर 250 युवाओं को हेल्थ केयर एवं मीडिया एंड एंटरटेनमेंट में प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर एमआईएस मैनेजर रोहिताश पांडे, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, वरिष्ठ सहायक मनोज चौहान, नगर अध्यक्ष भाजपा गौरव पाराशर, महिला जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती रजनी कालरा, हुकम सिंह एड., श्रीमती बीना राणा महिला नगर अध्यक्ष, हेमेंद्र राजपूत, प्रताप सिंह, नरेंद्र कुमार, आलोक अग्रवाल, विपुल चौहान, नवनीत राजपूत, कुमार शिवम, प्रियांशु राजपूत, कृपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, ऋतिक त्यागी, दीपक कुमार, कुमारी शिल्पा आदि उपस्थित रहे।

### गौशाला में हरा चारा खिलाया



**नजीबाबाद।** ओम श्री महाकाल सेवा ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा गौशाला में जाकर गायों को हरा चारा खिलाया गया। सदस्यों का कहना था कि समाज के सभी व्यक्तियों को गौशाला जाकर गौवंश की सेवा अवश्य करनी चाहिए। जिससे कि इनकी देखरेख सही प्रकार से हो सके। सनातन धर्म में गौसेवा ही सबसे बड़ी सेवा बताई गई है। जो व्यक्ति गौसेवा करता है, उस पर ईश्वर की असीम कृपा होती है।

## एक नजर

### राकेश ने लगाई फांसी

**कालागढ़।** स्थानीय नई कॉलोनी निवासी राकेश कुमार (27 वर्ष) पुत्र बुद्ध सिंह ने फांसी के फंदे में लटक कर आत्मा हत्या कर ली। थानाध्यक्ष संजीव मंमगाई ने बताया कि उसके आवास से बदबू निकल रही थी। जिसकी सूचना स्थानीय निवासियों के द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कमरे को खोला। अंदर राकेश कुमार का शव एक कुंडे में लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कुंडे से नीचे उतारा। शव बुरी तरह से खराब हो चुका था। जिससे प्रतीत होता था कि शव लगभग तीन दिन पुराना था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कोटद्वार भेज दिया है। मृतक की मौसी शान्ति देवी का कहना था कि युवती के चक्कर में उसने फांसी लगा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभाएं



**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल में विद्यार्थियों के विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंग्लिश डिक्लेमेशन, हिंदी एलोक्यूशन, शतरंज एवं हाउस वाइज पिन बोर्ड प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। हिंदी एलोक्यूशन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के लिए विषय 'दृढ़ संकल्प ही सफलता की सीढ़ी है' रखा गया। जिसमें 49 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं सीनियर वर्ग के लिए विषय 'देश की वर्तमान स्थिति में हमारा कर्तव्य और संकल्प' निर्धारित किया गया, जिसमें 22 प्रतिभागियों ने प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने भाषणों के माध्यम से आत्मविश्वास, स्पष्ट अभिव्यक्ति एवं सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया। इंग्लिश डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के 18 तथा सीनियर वर्ग के 10 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी वाक्पटुता और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक, रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रवक्ता आदित्य खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### अंडर 23 क्रिकेट ट्रायल 18 को

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसो. के तत्वावधान में बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अन्डर 23 वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों के ट्रायल 18 मार्च को नेहरू स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। क्रिकेट कोच नागेंद्र सारस्वत और बीसीए के मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा के अनुसार जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, उन्हीं खिलाड़ियों का ट्रायल 18 अप्रैल को सायं चार बजे से होगा। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट में आना आवश्यक है। आधार कार्ड और अंकतालिका की मूल प्रति व रजिस्ट्रेशन की रसीद लाना भी आवश्यक है।

# मॉर्डन एरा में अपार जैन टॉपर

## तनिष्का दूसरे व नूपुर तीसरे स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर में कक्षा 10 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से अति उत्तम परीक्षाफल द्वारा विद्यालय को गौरांवित किया।







विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रति उत्तम रहा। परीक्षाफल के परिणाम स्वरुप एग्रीगेट में 90% व 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 22 विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के टॉपर अपार जैन रहे। द्वितीय स्थान तनिष्का 97.4% एवं तृतीय स्थान पर नूपुर 96.8% रही। एग्रीगेट में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में वंश त्यागी 96.6%, भानु पाल 93.7%, मौहम्मद अब्दुल्ला हसन 93.40%, लायबा नूर 93.20%, आयुष्मान 92.40%, नैना सिंह 92.4%, नमरा अमजद 92.2%, आफिया हुसैन 91.80%, हसन 91.40%, सोहा अली जैदी ने 91.40%, हर्षित सिंह ने 91% योगांशी भार्गव ने 91%, अब्दुल रहमान ने 90.80%, मनस शुक्ला ने 90.80%, पीयूष कुमार ने 90.40% जिया ने 90.4%, मालिया यूसुफजा 90.40%, अश्विन देशवाल 90%, भाविक राज 90 % शामिल रहे।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बच्चों की उत्तम सफलता को देखते हुए पूरे विद्यालय में खुशी व हर्ष की लहर दौड़ गई।

विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी एवं प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों एवं विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डा.सीमा विश्वास ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उत्तम सफलता के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी के साथ ही साथ शिक्षक शिक्षकों के अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया। अंग्रेजी विषय में अपार जैन एवं तनिष्का ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। जबकि एआई विषय में नूपुर ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

# धामपुर में किराया बढ़ोतरी को लेकर बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका की दुकानों के किराए में प्रस्तावित बढ़ोतरी को लेकर आज उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब पंजाबी मार्केट समेत विभिन्न क्षेत्रों के किराएदार व्यापारी सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर पालिका कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और ईओ रवि शंकर शुक्ला का घेराव किया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली।



## पालिका बोली-राजस्व बढ़ाना जरूरी

प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का आरोप है कि पालिका ने अचानक और मनमाने तरीके से किराए में बढ़ोतरी कर दी है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि पहले से ही व्यापार मंदा चल रहा है, ऐसे में किराया बढ़ाना व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। व्यापारी अनिल कुमार, पराग अग्रवाल समेत अन्य का कहना था कि बिना पूर्व सूचना और सहमति के किराया बढ़ाना उचित नहीं है और यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

हालांकि पालिका प्रशासन ने इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पालिका के पास आय के सीमित साधन हैं, जिनमें दुकानों से मिलने वाला किराया एक प्रमुख स्रोत है। ईओ रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में कई दुकानों का किराया वर्षों पुराना है, जो आज की स्थिति में बेहद कम है। उन्होंने कहा कि महज 500 रुपए प्रतिमाह में आज कोई व्यक्ति सड़क किनारे ठेला तक खड़ा नहीं करने देता, जबकि पालिका की पक्की दुकानों का किराया भी इसी स्तर पर बना हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई स्थानों पर डमी किराएदार व्यवस्था चल रही है, जहां मूल किराएदार पालिका से कम दर पर दुकान लेकर उसे आगे 15 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह तक पर अन्य लोगों को दे रहे हैं, जबकि पालि.का को उसका उचित राजस्व नहीं मिल रहा। ऐसे में व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के लिए किराए में संशोधन आवश्यक है। आज साप्ताहिक बाजार बंद रहने का दिन होने के कारण व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी दुकानें बंद रखीं और विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान किराया वृद्धि के फैसले को वापस लेने की मांग की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने फिलहाल किराया बढ़ोतरी के मुद्दे को मुरादाबाद कमिश्नर स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया है। साथ ही ईओ ने व्यापारियों से फिलहाल पुराना किराया ही जमा करने का अनुरोध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद स्थिति शांत हो सकी।

फिलहाल विवाद थम जरूर गया है, लेकिन नगर पालिका के सीमित संसाधनों और बढ़ते खर्चों के बीच राजस्व बढ़ाने की आवश्यकता भी एक अहम सवाल बनकर सामने है। अब देखना होगा कि प्रशासनिक स्तर पर इस मामले में क्या संतुलित समाधान निकलता है, जिससे पालिका की आय भी सुनिश्चित हो और व्यापारियों पर अत्यधिक बोझ भी न पड़े।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में खराब प्रदर्शन पर सीडीओ सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सीडीओ रण विजय सिंह द्वारा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2026 की निर्गत रैंकिंग की समीक्षा के उपरांत जनपद के कई विभागों के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाया गया है।

उन्होंने विकास कार्यों में शिथिलता बरतने और योजनाओं में पिछड़ने के कारण संबंधित विभागीय अधिकारियों को 'कारण बताओ' नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना (JSY) में जनपद को प्रदेश में 28वीं रैंक के साथ 'सी' ग्रेड प्राप्त हुई है। समीक्षा में पाया गया कि में 20,760 संस्थागत प्रसवों के सापेक्ष मात्र 30.18% लाभार्थियों को ही भुगतान किए जाने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत विगत दो माह (फरवरी व मार्च) से निरंतर 'डी' ग्रेड प्राप्त होने तथा प्रदेश स्तर पर 68वीं रैंक प्राप्त होने पर परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को नोटिस जारी किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 'डी' ग्रेड एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना की प्रगति भी मार्च में गिरकर 'सी' ग्रेड पर आ गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी से जवाब-तलब, पंचायती राज विभाग के अंतर्गत 15वां वित्त आयोग (ग्राम पंचायत) योजना में शब्श ग्रेड मिलने पर जिला पंचायतराज अधिकारी से जवाब-तलव किया गया है तथा पोषण अभियान (ICDS) में लगातार तीन माह से 'सी' ग्रेड प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा सेतु निर्माण की धीमी प्रगति पर अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सीडीओ रण विजय सिंह ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों और शासन की प्राथमिकताओं के प्रति उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। यदि तीन दिवस के भीतर संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि और विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए शासन को संस्तुति भेज दी जाएगी।

# प्रशांत सैनी के परिजनों से मिला प्रतिनिधिमंडल

## न्याय दिलाने का आश्वासन दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ग्राम हैजरपुर पहुंचा।



प्रतिनिधिमंडल ने चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर निवासी 23 वर्षीय प्रशांत सैनी की बेरहमी से हुई हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को पूरे मामले में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे हर स्तर पर प्रयास करेंगे और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाएंगे। इस मौके पर एटा से सपा सांसद देवेश शाक्य ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। निर्दोष युवकों की हत्याएं हो रही हैं, लेकिन सरकार केवल कागजों पर कार्रवाई दिखाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबंगों को खुली छूट मिली हुई है, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल बन गया है। पीड़ित परिवार ने प्रति.निधिमंडल के सामने अपने दुख साझा किए और मांग की कि परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद, एक सरकारी आवास और परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही दोषियों को उम्रकैद या फांसी की सजा दी जाए। निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि सपा इस क्रूर घटना में पीड़ित परिवार के साथ पूरी तरह खड़ी है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे और परिवार को हर संभव मदद करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रमुख सदस्यों में एटा से सपा सांसद देवेश शाक्य, शेख जाकिर हुसैन, विधायक स्वामी ओमवेश, मनोज कुमार पारस, राम अवतार सिंह सैनी, तसलीम अहमद, प्रदेश सचिव जयपाल सिंह सैनी, डा. लाखन सिंह पाल, श्याम लाल, डा. कुंतेश सैनी आदि शामिल थे।

मालूम हो कि ग्राम हैजरपुर निवासी प्रशांत सैनी को कुछ दबंगों ने बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट की थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे सैनी समाज और क्षेत्र में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है।

सपा प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि वे इस मामले की निरंतर निगरानी करेंगे और प्रदेश स्तर पर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

